मॉनसून में सावधानी से करें बिजली का इस्तेमाल

नई दिल्लीः 28 जून, 2013। मॉनसून में जगह–जगह पानी जमा हो जाने से बिजली संबंधी दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। बीएसईएस उपभोक्ताओं से अनुरोध करती है कि वारिश के दिनों में वे बिजली के पोल, सब–स्टेशनों, ट्रांसफॉर्मरों और स्ट्रीटलाइटों से दूर रहें। बिजली के ऐसे खंभों व उपकरणों के पास न जाएं, जहां पानी जमा हो। साथ ही, अपने बच्चों को भी बताएं कि इन उपकरणों के इर्द–गिर्द न खेलें, चाहे उपकरणों के चारों ओर जालियां ही क्यों न लगी हों।

बीएसईएस ने उपभोक्ताओं से यह भी अनुरोध किया है कि अगर उन्हें लगे कि उनके घर में बिजली का कोई स्विच गीला है, तो छूने से पहले उसे टेस्टर से जरूर चेक कर लें। मॉनसून के दौरान स्विचों में करंट आने का खतरा रहता है। बेहतर होगा कि वे अपने घर की आंतरिक वायरिंग भी चेक करवा लें।

वैसे, बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने अपने सभी ट्रांसफॉर्मरों के चारों ओर जालियां लगा दी हैं और निचले इलाकों में लगे ट्रांसफॉर्मरों की ऊंचाई बढ़ाकर उन्हें सुरक्षित लेवल पर कर दिया है। लेकिन, कई बार नशेड़ी और असामाजिक तत्व मॉनसून के दौरान ही ट्रांसफॉर्मरों की जालियां उखाड़ लेते हैं या उन्हें क्षतिग्रस्त कर देते हैं। इसलिए, बीएसईएस ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि यदि कहीं किसी ट्रांसफॉर्मर की जाली टूटी दिखे या कोई पोल व तार गिरी हुई या क्षतिग्रस्त नजर आए, तो तुरंत 39999707 (बीआरपीएल) और 39999808 (बीवाईपीएल) को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

बारिश के सीजन में बिजली चोरी की वजह से भी करंट फैलने का खतरा रहता है। हालांकि, बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने अपने इलाकों में बिजली की कवर्ड तारें लगाई हैं, जिन पर कटिया लगाना काफी मुश्किल है, लेकिन शातिर बिजली चोर उन तारों में छेद कर वहां से भी बिजली की चोरी करते हैं। यह न सिर्फ बिजली की चोरी करने वालों के लिए, बल्कि उनके पड़ोसियों के जीवन के लिए भी खतरनाक है। बीएसईएस ने आरडब्ल्यूए और आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि उन्हें कहीं पर बिजली चोरी नजर आए, तो वे तुरंत 39999707 (बीआरपीएल) और 39999808 (बीवाईपीएल) को सूचित करें।

इसके अलावा, उपभोक्ताओं को अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर यानी ईएलसीबी लगवाने की भी सलाह दी जाती है। ईएलसीबी एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण उपकरण है, जो आपके घर में बिजली के छोटे से छोटे लीकेज को भी पहनान लेगा। बिजली के लीकेज का पता लगते ही ईएलसीबी ट्रिप हो जाएगी और आपके घर की बिजली को डिसकनेक्ट कर देगी। इस तरह, ईएलसीबी बिजली संबंधी बड़े हादसों को टाल सकता है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीआरपीएल और बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....